यह नहीं कि सर्वथा निष्क्रिय हो जाना है। अपितु अपनी क्रियाओं का शुद्धिकरण करना होगा; शुद्ध क्रियाओं को ही 'भक्ति' कहते हैं। भक्तिमय कर्म साधारण क्रियाओं के समान प्रतीत हो सकते हैं, पर वास्तव में वे माया-दूषित नहीं होते। यह न जानने वाले अज्ञानी को भक्त और भगवान् भले ही साधारण मनुष्य के समान कर्म करते प्रतीत हों, परन्तु यह नितान्त सत्य है कि भक्तिमय कर्म माया के त्रिगुणों से बिल्कुल मुक्त एवं शुद्ध होते हैं। इससे हमें यह समझ लेने चाहिए कि वर्तमान अवस्था में हमारी चेतना माया-आवरण से दूषित है।

माया से दूषित अवस्था में ही जीव बद्ध (उपाधिग्रस्त) कहा जाता है। 'मैं प्रकृतिजन्य हूँ'—इस प्रकार का भ्रम विकृत मति से उत्पन्न होता है। यही मिथ्या अहंकार कहलाता है। जिसकी देह में आत्मबुद्धि है, वह अपने यथार्थ स्वरूप को नहीं समझ सकता। जीव को देहात्मबुद्धि से मुक्त करने के लिये भगवद्गीता का गान किया गया है। भगवान् से इस ज्ञान की प्राप्ति के लिए अर्जुन ने भी वह स्थिति ग्रहण की है। देहात्मबुद्धि से अवश्य मुक्त हो जाय, यह योगी का प्रथम कर्तव्य है। जो मुक्त होना चाहता है, उसे सबसे पहले यह सीखना है कि वह इस प्राकृत देह से भिन्न है। 'मुक्ति' का अर्थ है मोह से स्वतन्त्रता। श्रीमद्भागवत में भी कहा है कि इस प्राकृत-जगत् की मलिन-मति (मोह) से मुक्त होकर शुद्ध चेतन स्वरूप में फिर से स्थित हो जाना 'मुक्ति' है। भगवद्गीता के सम्पूर्ण उपदेश का उद्देश्य इसी शुद्ध चेतन स्वरूप को जागृत करना है। इसी कारण गीता के उपदेश को समाप्त करके श्रीकृष्ण अर्जुन से प्रश्न करते हैं कि उसकी चेतना मोह से मुक्त होकर शुद्ध हो गई अथवा नहीं? मोहरहित शुद्ध चेतना का अर्थ है श्रीभगवान् की आज्ञा का पालन करना। यही शुद्ध चेतना का सार है। श्रीभगवान् के भिन्न-अंश होने से हम में चेतना तो पहले से ही है, किन्तु माया के त्रिविध गुणों के सम्पर्क में रहने से हम बँध जाते हैं। परमपुरुष श्रीभगवान् इस प्रकार कभी नहीं बँधते। परमेश्वर और बद्धजीव में यही अन्तर है।

यह चेतना क्या है? इस चेतना का स्वरूप है, 'मैं हूँ। मोहावस्था में 'मैं हूँ' का अर्थ है कि मैं माया का प्रभु हूँ, भोक्ता हूँ। प्रत्येक जीव अपने को प्राकृत-संसार का प्रभु तथा स्रष्टा समझता है; वास्तव में यह जगत् का चक्र इसी कारण से चल रहा है। मोह के दो मनोवैज्ञानिक विभेद हैं, एक यह कि मैं स्रष्टा हूँ और दूसरा यह कि मैं भोक्ता हूँ। यथार्थ में श्रीभगवान् ही स्रष्टा और भोक्ता हैं, उनका भिन्न-अंश जीव स्रष्टा अथवा भोक्ता न होकर सहयोगी-मात्र है। वह वस्तुतः श्रीभगवान् द्वारा रचित है और उन्हीं के द्वारा भोगा जाता है। उदाहरणार्थ, संयन्त्र का अंग-प्रत्यंग सम्पूर्ण उपकरण के साथ सहयोग करता है। इसी प्रकार हाथ, पैर, नेत्र आदि शरीर के अंग स्वयं भोक्ता नहीं हैं। भोक्ता तो एकमात्र उदर ही है। पैर चलते हैं, हाथ भोजन कराते हैं, दाँत चर्बण करते हैं तथा शरीर के अन्य अंग भी उदर-पूर्ति में तत्पर रहते हैं, क्योंकि उदर से सम्पूर्ण शारीरिक संरचना का परिपोषण होता है। इस कारण उदर को